देश में अनाथालय

1164. **श्री शरद यादव** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1987 की स्थिति के अनुसार देश में कुल कितने अनाथालय थे और इन अनाथालयों से कितने अनाथ बच्चे लाभ उठा रहे थे ;

(ख) इन अनाथालयों की कार्य-प्रणाली तथा उनमें भ्रष्टाचार के संबंध में 31 दिसम्बर, 1987 तक केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ;

(ग) इस प्रकार प्राप्त शिकायतों में कितने कर्मचारी दोषी और कितने कर्मचारी निर्दोष पाये गये ;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार इन अनाथालयों को कोई अनुदान देती है ; और

(ङ) यदि हां, तो 1987–88 में किस-किस को अनाथालय अनुदान दिया गया और उनमें से प्रत्येक अनाथालय को कितना-कितना अनुदान दिया गया ?

कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुमति ओरांव) : (क) से (ङ) राज्य सरकारों तथा केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासनों से सूचना एकत्र की जा रही है ।

केन्द्रीय भंडारण निगम में भ्रष्टाचार

1165. **श्री शरद यादव** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को केन्द्रीय भांडागारण निगम में भ्रष्टाचार तथा लापरवाही के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

(ख) यदि हां, तो इस उपक्रम में 1985–86, 1986–87 और 1987–88 के दौरान ऐसे कितने मामलों की रिपोर्ट मिली ;

(ग) क्या यह सच है कि फोकटपारा, देवेन्द्रनगर स्थित केन्द्रीय भांडागारण निगम के गोदाम से पामोलीन के गायब होने की सूचना है ;

(घ) यदि यहां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इसमें कौन कौन से अधिकारी दोषी पाये गये हैं और उनके विरुद्ध अब तक की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी. एल. बैठा) : (क) जी, हां ।

(ख) सरकार/सेंट्रल वेयर हाउसिंग कारपोरेशन में निगम में भ्रष्टाचार और लापरवाही से संबंधित प्राप्त शिकायतों की संख्या 1985–86 के दौरान 49, 1986–87 के दौरान 43 और 1987–88 के दौरान 39 थी ।

(ग) जी, हां ।

(घ) और (ङ) जांच-पड़ताल से विदित हुआ है कि वेयरहाउस में भरे हुये टिनों के इर्द-गिर्द पामोलीन तेल के 655 खाली टिन रखे हुये थे । इनके अलावा, पामोलीन तेल के 5 टिन गायब पाये गये थे । संबंधित वेयरहाउस मैनेजर और चौकीदार को मुअत्तल कर दिया गया है और उनके विरुद्ध अनुशासकीय कार्रवाई शुरू की गई है ।

चीनी नीति का संशोधन

1166. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हाल ही में विद्यमान चीनी नीति में संशोधन करने के

संबंध में कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, यदि हां, तो उनका सारांश क्या है ; और.

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किये जाने का विचार है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री डी.एल. बैठा) : (क) जी हां। हाल ही में चीनी उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले दो स्पेक्स निकायों अर्थात दि इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन और नेशनल फैडरेशन आफ कौ-आपरेटिव शूगर फैक्ट्रीज लि. से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें चालू चीनी मौसम के लिए सरकार द्वारा घोषित किए गए कुछेक निर्णयों में संशोधन करने के लिए अनुरोध किया गया है। इन अभ्यावेदनों में उठाए गए मद्दों में निम्नलिखित मुख्य मुद्दे शामिल हैं :—

(1) मुक्त बिक्री के कोटे को प्रतिशतता को 50 प्रोशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना ;

(2) मुक्त बिक्री की चीनी के लिए वास्तविक मूल्य स्तर बनाए करना ;

(3) चालू मौसम 1987-88 के लिए निर्धारित किए गए लेवी चीनी के मूल्य को बढ़ाना ;

(4) चीनी पर उत्पादन शुल्क और गन्ना क्रय कर में छूट देने जैसी वित्तीय राहत प्रदान करना ; और

(5) गन्ने के मूल्य का भुगतान करने के लिए चीनी फैक्ट्रियों को बिना ब्याज के ऋण प्रदान करना ; और

इसके अलावा औद्योगिक रूप से पिछड़े हुए इलाकों के लिए चीनी लाइसेंसिंग नीति में संशोधन करने के लिए भी अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ।

(ख) प्राप्त हुए अभ्यावेदनों की जांच की गई है लेकिन चालू मौसम 1987-88 के लिए पहले से घोषित सामान्य चीनी नीति में फिलहाल कोई परिवर्तन करने का विचार नहीं है । तथापि, औद्योगिक रूप से पिछड़े हुए इलाकों के संबंध में चीनी लाइसेंसिंग नीति की सीमित समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है ।

Promotion of Tourism in Andhra Pradesh

1167. SHRI B, SATYANARAYAN I REDDY .Will the Minister of TOURISM be pleased to state;

(a) what are the ongoing schemes and also new schemes proposed by Govern ment for promotion af tourism in Andhra Pradesh and the Central assitance provid- ! ed to the .State Government to promote tourism; ;

(b) whether there is any plan under Government's consideration to attract foreign tourists to the tourist spots of Andhra Pradesh; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRl GIRIDHAR GOMANGO): (a) Dunn the first three years of the Seventh Plan, the Central Ministry of Tourism has sanctioned Rs. 16,6.83 lakhs and released Rs. 55.50 lakhs for development of tourism infrastructure in Andhra Pradesh. The following are the details of the on-going projects:—

s. No.	Name of the Project
1.	Wayside facilities with accommodation at Lepakshi;
2.	Construction of Cafeteria with accommodation at Nagarjunasagar;
3.	Construction of additional accommodation at Ramappa;
4.	Construction, of additional accommodation at Pakhal;.
5.	Construction of Six Single bedroom and six double bedroom Cottages at Rishikonda;
6.	Provision of boats at Hussainsagar, Ramapp mnd Pakhal Lake;
7.	Master PIan fot Golconda;
8.	Yatri Niwas at Hyderabad;
9.	S.E.L. how at Golconda: